# (प्रश्न- पत्र की रूपरेखा) (2025-26)
## विषय : संस्कृत
## कक्षा : दसवीं

समय : 3 घण्टे

अंक = 80
आन्तरिक मूल्यांकन = 20
कुल अंक = 100

- प्रश्नपत्र में कुल 10 प्रश्न होंगे।
- प्रश्न पत्र में दो भाग ( क तथा ख) होंगे ।
- अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न ) प्रश्न-पत्र के भाग क में कुल एक-एक अंक के 20 प्रश्न होंगे।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

| | | |
|---|---|---|
| | **भाग – क**<br>**अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )** | |
| 1 | प्रश्न एक में मिलान से संबंधित अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के **प्रश्न** पूछे जा सकते हैं । | |
| | (i) पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए उत्तर लिखने को कहा जाए । | 3x1=3 |
| | (ii) पाठ्यक्रम में दी गई उपसर्ग में से धातु अलग करने के लिए कहा जाए । | 3x1=3 |
| | (iii) निर्धारित धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने के लिए कहा जाए ।<br>अथवा<br>पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में आए अव्ययों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहा जाए । | 3x1=3 |
| | (iv) पाठ्यक्रम में दिए गये संज्ञा शब्द रूपों में **अथवा** हलन्त् और सर्वनाम शब्द रुपों में से प्रश्न पूछे जायें। | 3x1=3 |
| | (v) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित प्रश्न पूछे जायें । | 4x1=4 |
| | (vi) पाठों के अभ्यासों में से संस्कृत शब्द दिए जाएं।संस्कृत शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखने को कहा जाए । | 4x1=4 |
| | **भाग –ख** | |
| 2 | तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में करने को कहा जाए । | 2x5=10 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में लिखने को कहा जाए।एक अंक प्रसंग का चार अंक अर्थ के निर्धारित है । | 2x5=10 |
| 4 | पाठों के अभ्यासों में से छ: प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से चार का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए । | 4x2=8 |
| 5 | संस्कृत में छ: प्रश्न दिए जाएं । जिनमें से चार का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए । | 4x2=8 |
| 6 | उपपद सम्बन्धी अशुद्धि वाले छ: वाक्य दिये जाएं जिनमें से चार वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये ।<br>**अथवा**<br>शब्द रूप तथा धातु रूप पर आधारित रिक्त स्थानों की पूर्ति । पुस्तक के अभ्यासों में से छ: वाक्य दिए जाए जिनमें से चार करने को कहा जाए । | 4x1=4 |
| 7 | पाठ्य पुस्तक में से कोई एक गद्याँश देकर उसी मे से संस्कृत में तीन सरल प्रश्न पूछे जाएं । | 3x2=6 |
| 8 | अपठित संस्कृत अनुच्छेद पर संस्कृत में दो प्रश्न पूछे जाएं । | 2x2=4 |
| 9 | पाठ्यक्रम में निश्चित् तीन निबंध देकर किसी एक विषय पर संस्कृत में लगभग 80 शब्दों में निबंध लिखने को कहा जाए । | 5 |
| 10 | हिन्दी के 8 वाक्य दिए जाएं जिनमें से पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए । | 5x1=5 |